नचाले तेरे दरबार में | by Reshmi Sharma

जी भर नचा ले हमको तेरे दरबार में
दुनिया के आगे नाचूं वो दिन ना आये

हम तेरे हो जाएँ यही एहसान काफी है
फिर जीवन में मेरे ना कुछ अरमान बाकी है
किसी और की फिर हमको नहीं दरकार है
दुनिया के आगे नाचूं वो दिन ना आये

ये दुनिया वाले तो लाज के पीछे रहते हैं
थोड़ी सी मदद करके ज़माने भर में कहते हैं
दूर ही रखना हमको ऐसे संसार से
दुनिया के आगे नाचूं वो दिन ना आये

मेरी धड़कन तुम ही हो मेरा तो जीवन तुम ही हो
बस इतना समझ लो श्याम मेरा तो सब कुछ तुम ही हो
चौखट पे तेरी बाबा मेरा परिवार है
दुनिया के आगे नाचूं वो दिन ना आये

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-reshmi-sharma/